महत्वपूर्ण एवं खास

ईद पर सलमान खान की फिल्म से नहीं भिड़ेगी फन्ने खान

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय और एक्टर राजकुमार राव और अनिल कपूर की फिल्म फन्ने खान पिछले काफी वक्त से सुर्खियो में हैं. दरअसल, इस फिल्म में अनिल और ऐश्वर्या एक साथ बड़े पर्दे पर काफी वक्त बाद नजर आने वाले हैं और इस वजह से दोनों की यह फिल्म काफी सुर्खियो में रही थी. कहा जा रहा था कि यह फिल्म इस साल ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी. वहीं सलमान खान की फिल्म रेस 3 को भी इस साल ईद पर ही रिलीज किया जाना है. जिसके बाद ऐसा कहा जा रहा था कि इस बार ईद पर सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भिड़ने वाली है. हालांकि, हाल ही में फिल्म फन्ने खान का निर्माण कर रही क्रिअर्ज एंटरटेनमेंट द्वारा एक ट्वीट किया गया है जिसमें उन्होंने कहा है कि इस फिल्म को 13 जुलाई को रिलीज किया जाएगा. बता दें, फिल्म का निर्देशन राकेश ओम प्रकाश मेहरा ने किया है और फिल्म को क्रिअर्ज एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में पहली बार ऐश्वर्या राय और राजकुमार राव एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे. बता दें, इस फिल्म की कहानी ऑस्कर नॉमिनेटेड 'एव्रीबडी इज फेमस' से ली गई है जो साल 2000 में रिलीज हुई थी. फिल्म में पिता अपनी बेटी को कंप्टीशन में जिताने के लिए फेमस गायकों की किडनैपिंग करने लगता है. बता दें, कुछ वक्त पहले भी फिल्म के सेट से ऐश्वर्या की कुछ तस्वीरें वायरल हुई थी जिनमें वह ऐश्वर्या सिंपल लुक मे नजर आई थी. कुछ वक्त पहले क्रिअर्ज द्वारा फिल्म से ऐश्वर्या राय के फर्स्ट लुक को भी रिलीज किया गया था.

धड़क के लिए श्रीदेवी ने जाह्नवी को दी थी यह आखिरी सलाह

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस श्रीदेवी इस दुनिया को अलविदा कह गई। उन आखिरी समय में जहां बोनी कपूर और बेटी खुशी ने उनके साथ खुशियों भरे कुछ पल बिताए, वहीं जाह्नवी कपूर को यह मौका नसीब न हुआ। जब पूरी फैमिली शादी में शरीक होने के लिए मुंबई जा रही थी तो जाह्नवी ने मुंबई में रहने का फैसला लिया। दरअसल जाह्नवी अपनी डेब्यू फिल्म धड़क की शूटिंग में व्यस्त थीं। श्रीदेवी के जाने का तो गम जाह्नवी को हमेशा रहेगा ही, साथ ही उन्हें इस बात का भी गम जिंदगी भर रहेगा कि उनकी डेब्यू फिल्म उनकी मां श्रीदेवी देख भी न सकीं। बता दें कि यह फिल्म जुलाई में रिलीज़ होनी है। श्रीदेवी ने जाते-जाते बेटी जाह्नवी के लिए कुछ जरूरी सलाह दी थी। उन्होंने कहा था, एक मां होने के नाते, दूसरी मांओं की तरह मैंने भी अपनी बेटियों को यही कहा कि वे इस प्रफेशन में आएं (ऐक्टिंग की दुनिया) या फिर कोई और काम करें, सबसे जरूरी है कि आप जो भी करें वह सही हो। जैसे, हार्ड वर्क करो, अपना 100 फीसदी दो, कड़ी मेहनत का नतीजा हमेशा फलदायी होता है। बेटी के बारे में बातें करते हुए श्रीदेवी ने कहा था, उसे प्रेशर तो फेस करना ही होगा, उससे हम भाग नहीं सकते। जैसे ही उसने बॉलिवुड में आने का फैसला किया उसे इन चीजों से गुजरना ही होगा। वह इन चीजों के लिए तैयार है और मैं भी इन चीजों के लिए खुद को तैयार कर रही हूं। कभी-कभी मुझ घबराहट होती है। कई खयाल एक साथ आ जाते हैं और आपको लगेगा कि वह ऐसा क्यों कर रही है? लेकिन, जब आपको यह लगता है कि यह उसका लक्ष्य है और खुशी है तो एक मां होने के नाते मैं उसे उसी तरह सपॉर्ट करूंगी जैसा कि मेरी मां ने मुझे किया था। हम किसी फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं थे, लेकिन फिर ऐसा हो गया और वह मेरे साथ खड़ी रहीं, मेरे लिए लड़ीं और देखा कि मैं खुश हूं। मैं जाह्नवी के लिए भी ऐसा ही करना चाहती हूं।

पोरस से टीवी पर वापसी करेंगी अरुणा ईरानी

टीवी सीरियल पोरस में लोगों को एंटरटेन करने के लिए नया ट्विस्ट आने वाला है। इतना ही नहीं, इस नए ट्विस्ट के साथ सीरियल में अरुणा ईरानी की एंट्री होगी। इसी के साथ अरुणा ईरानी टीवी पर लगभग दो साल बाद वापसी कर रही हैं। अरुणा ईरानी फिल्म, टीवी और कॉमिडी के क्षेत्र में एक सफल पारी खेल चुकी हैं। पिछले दो साल से वह टीवी पर नजर नहीं आ रही थीं। इस सीरियल में वह एक ग्रीक पुजारिन का रोल करेंगी। प्राचीन ग्रीस की मान्यताओं पर आधारित इस सीरियल में अरुणा ईश्वर और मनुष्य के बीच का माध्यम बनेंगी और उन्हें बेहतर फैसले लेने में मदद करेंगी। छोटे पर्दे पर अपनी वापसी को लेकर अरुणा ईरानी ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मैं टीवी पर डेढ़-दो साल के बाद वापसी कर रही हूं। सिद्धार्थ मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने ही मुझे यह रोल ऑफर किया था। जिस तरह से उन्होंने मुझे इस रोल के बारे में बताया उससे मैं काफी एक्साइटेड हो गई और इसके लिए तुरंत हां कर दिया। अरुणा ने इस किरदार के बारे में भी बताया कि यह किरदार काफी रहस्यमयी है और ज्ञान से भरा है।

रेणुका शहाणे की कमबैक फिल्म 3 स्टोरीज का नया गाना आजादियां हुआ रिलीज

बॉलीवुड एक्टर पुलकित सम्राट, ऋचा चड्ढा, रेणुका शहाणे की नई फिल्म 3 स्टोरीज जल्द ही रिलीज होने वाली है. दरअसल, फिल्म में एक साथ कुछ लोगों की अलग-अलग कहानियां चलती हैं लेकिन सभी कहानी एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं. फिल्म को लेकर इसमें काम करने वाले सभी कलाकारों का कहना है कि इस फिल्म की कहानी में काफी थ्रिल और सस्पेंस है जो दर्शकों को बांधे रखने में मदद करेगा. इस फिल्म के नए गाने आजादियां को कुछ देर पहले ही रिलीज किया गया है. फिल्म के इस गाने को शरमन जोशी और मसुमेह के साथ अंकित राठी और आयशा पर फिल्माया गया है. बता दें, इस गाने को क्लिंटो केरिजो और बिनाका गोम्स ने गाया है. वहीं इस गाने के लिरिक्स शील ने लिखे हैं और गाने को क्लिंटन केरिजो और सचिन मेहता ने कम्पोज किया है. इस फिल्म का निर्देशन अर्जुन मुखर्जी ने किया है और फिल्म को प्रीया श्रीधरन, रितेश सिद्धवानी और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है. वहीं, फिल्म की कहानी की बात करें तो इसे आम जिंदगी से जोड़ कर लिखा गया है और फिल्म में दिखाया गया है कि एक एक करके किस तरह सबके राज सामने आते हैं. इसके साथ ही ट्रेलर में ऋचा का एक डायलॉग है जिसमें वह कहती हैं कि फिल्मी दुनिया में जिंदगी बहुत आसान दिखाई देती है लेकिन असल जिंदगी में ऐसा नहीं होता है. बता दें, इस फिल्म से एक्ट्रेस रेणुका शहाणे बड़े पर्दे पर कमबैक कर रही हैं. फिल्म में शरमन जोशी भी लीड रोल में हैं. इसके अलावा फिल्म से आइशा और अंकित डेब्यू कर रहे हैं. यह फिल्म 9 मार्च को रिलीज होगी.

सलमान खान ने कर ली दबंग 3 की बुकिंग 28 दिसंबर 2018 को महाक्लैश

आखिरकार सलमान खान की दबंग 3 ने अपनी रिलीज़ डेट चुन ली है। सूत्रों की मानें तो फिल्म 28 दिसंबर 2018 को रणवीर सिंह की फिल्म सिंबा से क्लैश करने जा रही है। दिलचस्प ये है कि रणवीर सिंह के सिंबा पोस्टर को देखने के बाद लोगों ने उनके किरदार को दबंग और सिंघम का कॉकटेल बताया था। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर दो दबंग भिड़ेंगे। वहीं दिसंबर में शाहरूख खान स्टारर ज़ीरो रिलीज़ होने वाली है जो क्रिसमस वीकेंड पर 22 दिसंबर को रिलीज़ हो रही थी। पहले रोहित शेट्टी . करण जौहर की सिंबा भी इसी तारीख को आनी थी लेकिन रणवीर सिंह . शाहरूख खान क्लैश बचा लिया गया। अब खबर है कि दबंग 3 के लिए भी सलमान को क्रिसमस वीकेंड चाहिए था लेकिन वो शाहरूख खान स्टारर ज़ीरो से क्लैश नहीं करना चाहते थे इसलिए सलमान खान ने 28 तारीख चुनी। माना जा रहा है कि ये फिल्म दबंग का प्रीक्वल होगी यानि कि दबंग माईनस 1। नहीं समझे दरअसल ये कहानी चुलबुल पांडे के चुलबुल पांडे बनने से पहले की कहानी होगी। यानि कि चुलुबुल पांडे कैसा था और वो पुलिस ऑफिसर कैसे बना। उसके और उसके परिवार के बीच ऐसे संबंध क्यों थे । अब देखना ये है कि विनोद खन्ना के किरदार को फिल्म में कैसे रखा जाता है। कई बार बदली गई स्क्रिप्ट हाल ही में जब भी अरबाज़ खान से दबंग 3 के बारे में पूछा गया तो उन्होंने खिसियाकर ही जवाब दिया है। अब खबर थोड़ी और ज़्यादा चौंकाने वाली है। दरअसल अगर सूत्रों की मानें तो सलमान खान चाहते हैं कि अरबाज़ खान दबंग 3 डायरेक्ट ना करें। यही कारण है कि वो चार बार दबंग की स्क्रिप्ट बदलवा चुके हैं। खिसिया गए थे अरबाज़ हर बार दबंग 3 की कहानी सलमान खान के हिसाब से बदलवाते हैं और सलमान खान हर बार कुछ नया बता देते हैं और कुछ पुराना हटा देते हैं। अब अरबाज़ खान परेशान हो चुके हैं। वो एलान कर चुके थे कि 2018 में दबंग 3 फ्लोर पर जाएगी और सलमान खान टाईगर ज़िंदा है के बाद दबंग 3 पर काम शुरू कर देंगे। पूरी दबंग को बदल डाला जिन्हें नहीं पता उनकी जानकारी के लिए बता दें कि दबंग पहले अरबाज़ खान की फिल्म थी। जी हांए फिल्म के हीरो थे अरबाज़ खान और उस वक्त फिल्म की स्क्रिप्ट एक सीरियस पुलिस ऑफिसर की थी।

श्रेया सरन अगले महीने करेंगी शादी जानिए कौन बनेगा उनका दुल्हा

श्रेया ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 2001 में फिल्म इष्टम से की थी वह शुरुआत से तेलुगु और हिंदी सिनेमा में एक्टिव रही हैं बॉलीवुड एक्ट्रेस अजय देवगन की पत्नी के रोल में नजर आई श्रेया सरन जल्द शादी करने वाली हैं वह अपने रशियन बॉयफ्रेंड एंड्रे कोसचीव शादी कर रही हैं यह शादी उदयपुर में होने वाली है इसकी रस्मों की शुरुआत 17 से होगी इसके बाद 18 मार्च और 19 मार्च को भी कुछ रस्में होंगी यह शादी हिंदू रीति.रिवाजों से होगी इसमें केवल श्रेया के खास दोस्त परिवार और करीबी ही शामिल होंगे शादी से पहले मेहंदी और संगीत की रस्मों के लिए होली की थी सोची गई है शादी से पहले श्रेया रूस गई थीं ताकि वहां एंड्रे के परिवार वालों से मुलाकात कर सकें एक तरफ जहां जोरों से तैयारियां चल रही हैं वहीं मीडिया में भी शादी से जुड़ी खबरों की बाढ़ सी आ गई है इससे श्रेया कुछ खास खुश नहीं हैं उनका कहना है मैं एक एक्ट्रेस हूं तो मेरी फिल्मों के बारे में बात करें मेरी पर्सनल लाइफ इस तरह बेचने के लिए नहीं है आपको मीडिया जो भी चर्चा करनी है मेरे करियर के बारे में करें

लड़ाई की खबरों के बीच अर्शी खान ने शिल्पा शिंदे से की मुलाकात

रिएलिटी शो बिग बॉस 11 के खत्म होने के बाद विजेता शिल्पा शिंदे अर्शी खान से हुए झगड़े को लेकर सुर्खियों में बनी हुई थीं इतना ही नहीं एक इंटरव्यू के दौरान तो शिल्पा शिंदे ने अर्शी खान से कभी मुलाकात नहीं करने की बात कह दी थीं लेकिन अब लगता है कि दोनों ने पुरानी सभी बातों को भूला दिया है हाल ही में अर्शी खान शिल्पा शिंदे के साथ डिनर डेट पर पहुंची अर्शी खान के साथ हुई मुलाकात में शिल्पा शिंदे के भाई आशुतोष शिंदे भी मौजूद बिग बॉस 11 की मां.बेटी की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं अर्शी खान ने भी शिल्पा शिंदे से मुलाकात की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया है वैसे अर्शी खान और शिल्पा शिंदे की फिर से दोस्ती होना उनके फैंस के लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं है

आजतक रिलीज नहीं हो पाइ ये 5 फिल्में

बॉलीवुड की सुपरस्टार श्रीदेवी इस दुनिया से विदा हो चुकी हैं। ये तो सभी जानते हैं कि उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। लेकिन शायद कम ही लोग जानते हैं कि उनकी कुछ ऐसी फिल्में भी हैं जो आजतक रिलीज नहीं हो पाई। इन फिल्मों के रिलीज न होने के अलग.अलग कारण हैं।1988 में डायरेक्टर रमेश सिप्पी ने विनोद खन्ना श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित को लेकर फिल्म जमीन की घोषणा की थी। फिल्म का एक बड़ा हिस्सा शूट भी हो गया था लेकिन पूरी फिल्म शूट नहीं होने के कारण ये रिलीज नहीं हो सकी। यदि ये फिल्म रिलीज होती तो श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित की ये पहली फिल्म होती। डायरेक्टर केआर रेड्डी ने सुपरहिट फिल्म चांदनी की स्टार कास्ट यानी श्रीदेवी विनोद खन्ना और ऋषि कपूर को लेकर फिल्म गर्जना ;1991 बनना चाहते थे। फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया था और शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन फिल्म की स्टारकास्ट और प्रोड्यूसर के बीच प्लेमेंट को लेकर अनबन हुई और फिल्म बंद हो गई। डायरेक्टर अनिल शर्मा ने 1990 में अनिल कपूर और श्रीदेवी को लेकर फिल्म महाराजा बनाने की घोषणा की थी। लेकिन फिल्म की कास्ट को लेकर कुछ दिक्कतें हुई और फिल्म बंद हो गई। इसके बाद इसी नाम से 1998 में ये फिल्म आई जिसमें गोविंदा और मनीषा कोइराला ने काम किया था। 1996 में एक इंटरव्यू में अनिल कपूर ने बताया था कि उन्हें और श्रीदेवी को लेकर गोविंदा नाम से एक बनने वाली थी। फिल्म के लिए दोनों ने फोटोशूट भी करवाया था। लेकिन किसी कारण से फिल्म बन ही नहीं पाई। इसके बाद उनकी जोड़ी को फिल्म मिस इंडिया में कास्ट किया गया था। फिल्म चांदनी के कोरियोग्राफर मनमोहन सिंह ने श्रीदेवी और सनी देओल को लेकर फिल्म तीरांदाज की घोषणा की थी। फिल्म का मुहूर्त क्लैप यश चोपड़ा ने दिया था। इन सबके बावजूद फिल्म कभी बन ही नहीं पाई

मेरा होने वाला पार्टनर देशभक्त होना चाहिए

कंगना रनौट ने बताया कि उनके पार्टनर में देशभक्ति होना उसकी खास विशेषता रहेगी। कंगना से एक चैट शो में पूछा गया कि वह अपने पार्टनर में कौन.से गुण चाहती हैं इस पर उन्होंने जवाब दिया कि अगर वो देशभक्त नहीं होगा तो मैं उसे पसंद नहीं कर सकती। कंगना ने कहा कि मैं अपने देश को प्यार करती हूं। अगर मेरा प्रेमी देशभक्त नहीं है तो मैं ब्रेक.अप कर लूंगी। अगर वह अपनी मातृभूमि के प्रति समर्पित नहीं हो सकता है तो मुझे नहीं लगता कि वह मेरे लिए समर्पित होगा। उनकी इन बातों से लगता है कि उन्हें कोई मिल गया है। इससे पहले भी कंगना ने कहा था कि वे जल्द ही शादी करेंगी। कंगना ने उनकी शादी के लिए अगले साल फरवरी तक का समय मांगा है। कंगना फिलहाल मणि कर्णिका द क्वीन ऑफ झांसी की शूटिंग कर रही हैं। यह फिल्म रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित होगी। फिल्म को कृष निर्देशित कर रहे हैं। इसमें वीएफएक्स का काफी काम है।

मैं और पत्रलेखा एक-दूसरे के साथ खुश हैं

बॉलिवुड ऐक्टर राजकुमार राव अपने काम को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। उनकी ऐक्टिंग को आलोचकों और दर्शकों ने लगभग हर फिल्म में पसंद किया है। वह पत्रलेखा के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर भी हमेशा खुलकर बात करते हैं। राजकुमार राव ने अपनी शादी को लेकर बात की। उन्होंने कहा, शादी होगी लेकिन हमने अभी तारीख तय नहीं की है। हम जल्द में कभी भी शादी नहीं कर रहे हैं। फिलहाल, हम अपने करियर पर ध्यान दे रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि वह शादी के रिवाज में कितना यकीन रखते हैं, उन्होंने कहा, इसका जवाब देना काफी मुश्किल है। मुझे लगता है कि रिलेशनशिप का मतलब दो लोगों के बीच सही मायनों में खुश रहना और एक-दूसरे के साथ सहज महसूस करना है। मुझे यकीन है कि यह कई लोगों के साथ काम करता है। राव ने आगे कहा, पत्रलेखा और मैं 6 साल से ज्यादा समय से एकसाथ हैं और एक-दूसरे के साथ खुश हैं। अगर हम शादी कर लेंगे तो भी खुश रहेंगे। मैं ऐसे कई लोगों को जानता हूं जिन्होंने शादी नहीं की है लेकिन साथ में रह रहे हैं और खुश हैं। राव के मुताबिक, ऐसा नहीं है कि हम शादी के बारे में नहीं सोच रहे हैं लेकिन इसका तनाव नहीं लेना चाहते हैं। मुझे मालूम है कि शादी होगी, हमारा परिवार भी यही चाहता है लेकिन वे इसे लेकर कोई प्रेशर नहीं बनाते हैं।

सच में सिर मुंडवाने के बारे में सोचने लगी थीं पिया बाजपेयी

अभिनेत्री पिया बाजपेयी जो जल्द ही द्विभाषी फिल्म 'अभियुम अनुवुम' में नजर आने वाली हैं, वह फिल्म में बिना बालों के नजर आएंगी। फिल्म तमिल और मलयालम में बनी है। यूडली फिल्म्स प्रोडक्शन की इस फिल्म में पिया अभिनेता टोविनो थॉमस के साथ नजर आएंगी। पिया ने एक बयान में कहा, ''फिल्म के कुछ दृश्यों में मैं बिना बालों के नजर आऊंगी और मेरे लिए यह बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। मुझे इस लुक के साथ अच्छे से तैयार होने में तीन से चार घंटे लग जाते थे। अगर मुझे शूटिंग सुबह सात बजे शुरू करनी होती थी तो मैं तडक़े तीन बजे से तैयार होना शुरू कर देती थी और विग (बिना बालों वाला) मेरे सिर पर 12-13 घंटे तक लगा रहता था, यह बहुत मुश्किल था।'' उन्होंने कहा, ''मैं अपना सिर नहीं हिला सकती थी या हंस नहीं सकती थी, यहां तक कि सिर में खुजली होने पर भी कुछ नहीं कर सकती थी। बहुत ज्यादा स्प्रे और ग्लू लगा होने के कारण मैं जल्दी से घर पहुंचने का इंतजार करती थी और इसे हटाने में भी काफी समय लगता था।'' पिया ने कहा कि उनके लिए यह इतना झंझटभरा था कि वह सच में सिर मुंडवाने के बारे में सोचने लगी थीं लेकिन उनके निर्देशक ने कहा कि उन्हें इस लुक में शूटिंग की शुरुआत के सिर्फ तीन-चार दिनों तक नजर आना है। फिल्म 'अभियुम अनुवुम' नौ मार्च को रिलीज होगी।

'अनजान' पर मिली प्रतिक्रिया पर हिना परमार वास्तव में हैरान

अभिनेत्री हिना परमार का कहना है कि वह क्राइम थ्रिलर शो 'अनजान : स्पेशल क्राइम्स यूनिट' को दर्शकों द्वारा मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से हैरान और खुश हैं। हिना ने एक बयान में कहा, 'अनजान.' को अपनी शुरुआत के पहले ही सप्ताह में मिली प्रतिक्रिया से मैं वास्तव में हैरान हूं। हां, यह सच है कि ज्यादातर शूटिंग हमने रात में की है। स्थायी सेट पर शूटिंग करने के बजाय हमने विभिन्न जगहों जैसे जंगल और अन्य डरावनी जगहों पर शूटिंग की है। डिस्कवरी जीत पर प्रसारित हो रहे इस शो में हिना अदिति की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि शो में वास्तविकता का पुट लाने के लिए निर्माता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और डरावनी जगहों की तलाश करते रहते हैं। लोटस टॉकीज द्वारा निर्मित इस शो में हिना के अलावा गशमीर महाजनी भी हैं।

35 करोड़ का घाटा 2018 की सबसे बड़ी फ्लॉप

सिद्धार्थ मल्होत्रा और मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म अय्यारी बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही है। इसे 2018 में रिलीज हुई सबसे बड़ी फ्लॉप माना जा सकता है क्योंकि इससे खराब प्रदर्शन किसी भी फिल्म का नहीं रहा। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले शो से ही फ्लॉप रही और फिर संभल नहीं पाई। पहले सप्ताह में फिल्म ने मात्र 16.16 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे वीकेंड पर तो यह फिल्म महज 85 लाख रुपये का ही कलेक्शन कर पाई। फिल्म का कलेक्शन अब 20 करोड़ के ऊपर जाने की संभावना भी नहीं है। फिल्म की लागत और विभिन्न राइट्स के बेचने के बाद लगभग 35 करोड़ का नुकसान इस फिल्म से बताया जा रहा है जो कि बहुत तगड़ा है। अय्यारी नीरज की सबसे कमजोर फिल्म है। दर्शकों को यकीन ही नहीं हुआ कि स्पेशल 26 वेडनेस डेए बेबी और एमएस धोनी. द अनटोल्ड स्टोरी जैसी बेहतरीन फिल्म निर्देशित करने वाले नीरज ने यह फिल्म बनाई है।